ब्रीफ न्यूज

पेंशनर्स के सत्यापन-भुगतान में एआइ का होगा उपयोग

जयपुर @ पत्रिका. सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए पेंशनर्स का सत्यापन करने के लिए अब एआइ तकनीक का उपयोग किया जाएगा। साथ ही पेंशन भुगतान में भी एआइ तकनीक का उपयोग किया जाएगा। मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने सोमवार को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर इसके लिए निर्देश दिए हैं। साथ ही पेंशनर्स के वार्षिक सत्यापन के लिए फेस रिकॉग्निशन मोबाइल ऐप के प्रचार प्रसार किया जाएगा। पेंशन योजना के लाभार्थियों का एनालिटिक डैशबोर्ड तैयार कर पेंशन पोर्टल पर प्रदर्शित किया जाएगा। पेंशनर के भुगतान में देरी होने को लेकर अब वित्त विभाग के अधिकारियों के साथ चर्चा की जाएगी और पेंशनर्स को समय पर पेंशन मिले, यह सुनिश्चित किया जाएगा। मुख्य सचिव ने कहा ने विशेष योग्यजन श्रेणी के पेंशनर का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनने में हो रही कठिनाई के समाधान के लिए स्वावलंबन पोर्टल की टीम से संपर्क कर समाधान करें।

एक जिले में एक फर्म संभालेगी